# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–25 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार

योगी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर प्रदेश के सभी जिलों में आज से तीन दिवसीय विकास उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सभी जिलों में सरकार के मंत्री उत्सव कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं और योगी सरकार की आठ वर्ष की उपलब्धियां गिना रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के महंत दिग्विजय नाथ पार्क में विकास उत्सव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश को पहले बीमारू राज्य कहा जाता था, वह आठ साल के विकास यात्रा में हर क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के प्रयास से यह राज्य नये भारत के नये उत्तर प्रदेश के रूप में अपनी चमक बिखेर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का जो मंत्र दिया था, उसी संकल्प के साथ कार्य करने का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में आठ वर्ष के दौरान उत्कर्ष के आठ वर्ष देखने को मिले हैं।

***प्रधानमंत्री ने जो मंत्र दिया था सबका साथ सबके विकास का उसे जीवन का व्रत मानकर के संकल्प मानकर के हम लोगों ने कार्य किया तो उत्कर्ष के 8 वर्ष उत्तर प्रदेश को देखने को मिले हैं, जिसमें हर एक क्षेत्र में इन 8 वर्षों में जितनी मजबूती के साथ आगे बढ़ा है अगर उसकी तुलना पिछले 70 वर्षों में किया जाए यह 8 वर्ष उस पर भारी पड़ते हुए दिखाई देंगें।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बारे में मान्यता बन गयी थी की यहां कुछ नहीं हो सकता लेकिन आज लोग मानने लगे हैं कि यह प्रदेश लीड करेगा तो देश लीड करने लगेगा।

***जिस उत्तर प्रदेश के बारे में यह मान्यता थी कि यहां कुछ नहीं हो सकता है आज लोग मानते हैं कि उत्तर प्रदेश लीड करेगा तो सारे देश राज्य लीड करने लग जाएगा और आज अपनी युवा शक्ति के बल पर, मातृशक्ति के आशीर्वाद से, अन्नदाता किसानों के सहयोग से, आज उत्तर प्रदेश विरासत और विकास की इस यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।***

लखनऊ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वाराणसी में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, जौनपुर में ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा, मिर्जापुर में नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सुल्तानपुर में पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर, कुशीनगर में उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मऊ में खेल और युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने विकास उत्सव के शुभारम्भ कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने तपेदिक–टीबी के खिलाफ अभियान में उल्लेखनीय प्रगति की है। हाल ही में संपन्न 100–दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान से मिली महत्वपूर्ण जानकारियों पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा के एक लेख को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अभियान ने टीबी मुक्त भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी है। कल विश्व तपेदिक दिवस पर लेख में श्री नड्डा ने कहा कि भारत टीबी को खत्म करने के दृष्टिकोण को पुनर्परिभाषित कर रहा है।

**********

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट स्थानान्तरित किये जाने के विरोध मे इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अनिश्चितकालीन हडताल शुरू कर दी है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता आज न्यायिक कार्य से विरत रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि उनकी हड़ताल किसी न्यायाधीश के खिलाफ नहीं बल्कि सिस्टम के खिलाफ है। अध्यक्ष ने प्रकरण की जांच सीबीआई और ईडी से कराने की मांग की।

उधर, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज शाम सदन के नेताओं की बैठक बुलाई है। बैठक में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास से नकदी बरामद होने के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। सभापति ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि यह संसद की संप्रभुता, सर्वोच्चता और प्रासंगिकता से जुड़ा प्रकरण है।

**********

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की गवर्निंग बॉडी ने बारहवीं कक्षा की अकाउटेंसी परीक्षा में बेसिक कैलकुलेटर के उपयोग की मंजूरी दे दी है। यह फैसला दो हजार पचीस–छब्बीस शैक्षणिक सत्र से लागू होगा। परीक्षा समिति के प्रस्ताव अनुसार बेसिक नॉन–प्रोग्रामेबल कैलकुलेटर की मंजूरी होगी।

उधर, प्रदेश के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षायें कल से शुरू हो गयी। इस परीक्षा में प्रदेश के एक लाख तैंतीस हजार विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। परीक्षाओं का आयोजन अट्ठाइस मार्च तक चलेगा।

**********

वाराणसी के रेल इंजन कारखाना के गोल्फ कोर्स में आज अखिल भारतीय रेलवे गोल्फ चैम्पियनशिप का शुभारम्भ हुआ। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने किया। इस चैम्पियनशिप में भारतीय रेलवे के इक्कीस जोन और उत्पादन इकाइयों के छाछठ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

**********